Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

>

Title: Need to open Indian Institute of Technology in Ajmer, Rajasthan - laid.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, केन्द्रीय सरकार ने राजस्थान ति अन्य कतिपय राज्यों में भी देर से ही सही आई.आई.टी, भारतीय तकनीकी संस्थान, खोलने का निश्चय किया है। यह स्वागत योग्य कदम है। अजमेर भौगोलिक दृटि से राजस्थान के बीचोंबीच स्थित है। जहां पर राजस्थान राज्य के किसी भी कोने से सडक अथवा रेल मार्ग से भली प्रकार पहुंचा जा सकता है। जयपुर और अजमेर के बीच छः लेन का गोल्डन एक्सप्रेस हाईवे बन जाने के कारण जयपुर हवाई अड्डे से भी बहुत कम समय में अजमेर पहुंचा जा सकता है। अजमेर शिक्षा का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। अंग्रेजों के समय ही राजस्थान के सभी रजवाड़ों के राजकुमारों को शिक्षा देने के लिए सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान मेयो कॉलेज की स्थापना अजमेर में ही की गयी थी। राज्य का सबसे पुराना एवं बड़ा कॉलेज राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में ही स्थित है। भारत सरकार ने देश के उत्तरी राज्यों में शिक्षकों की आवश्यकता को पूरी करने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी के तत्वाधान में रीजनल कॉलेज की स्थापना भी कई वाँ पूर्व अजमेर में ही की थी। यहां कोने कोने से शिक्षा प्राप्त करने के लिए अजमेर प्राथमिकता वाले स्थानों में हैं। अजमेर में आई.आई.टी खोलने के लिए प्रथम चरण में 600 एकड़ से भी जयादा सरकारी भूमि जो कृाि योग्य नहीं है सहज ही निशुल्क उपलबध है। अजमेर में बीसलपुर से आने वाले पानी की एक ओर लाइन आने के बाद जल की उपलब्धता भी सहज रहेगी। ए.आई.सी.टी.ई के नॉर्म्स के अनुसार अजमेर सभी आवश्यक मापदण्डों की सहज पूर्ति करता है।

साम्प्रदायिक सौहार्दता एवं सर्वधर्म संगम के लिए प्रख्यात अजमेर ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृटि से अपनी ख्याति बनाये हुए है। स्वाधीनता संग्राम राजस्थान में अजमेर मेरवाड़े को ही केन्द्र बनाकर लड़ा गया था क्योंकि राजस्थान में और जगह सब देशी रियासतें थीं।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि अजमेर के गौरव गरिमा एवं शैक्षिक महत्व को बनाये रखने के लिए अजमेर में ही आई.आई.टी की स्थापना की जाये।